भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 605
उत्तर देने की तारीख 3 दिसंबर, 2025

हिसार में दूरसंचार सेवा और नेटवर्क कवरेज

605. श्री जय प्रकाशः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस तथ्य की जानकारी है कि हरियाणा के हिसार लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में दूरसंचार सेवाओं और नेटवर्क कवरेज की गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता है;
(ख) यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा इस क्षेत्र में भारतनेट परियोजना, 4जी/5जी विस्तार, सार्वजनिक वाई-फाई हॉटस्पॉट योजना और टावर स्थापना जैसी योजनाओं के अंतर्गत कोई विशेष पहल की गई है;
(ग) क्या सरकार ने ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट कनेक्टिविटी बढ़ाने और डिजिटल सेवाओं को सुगम बनाने के लिए कोई नई परियोजना आरंभ की है; और
(घ) यदि हां, तो योजनाओं और पहलों का ब्यौरा क्या है, विशेष रूप से हिसार लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में जिला-वार उनके कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) अक्टूबर, 2025 तक, हिसार लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र (हिसार, भिवानी और जींद जिलों के कुछ भागों सहित) में सभी गांव (भारत के महापंजीयक के आंकड़ों के अनुसार) 4जी मोबाइल कनेक्टिविटी से कवर किए गए हैं।

(ख) से (घ) सरकार भारतनेट परियोजना को चरणबद्ध रूप से लागू कर रही है, जिसका उद्देश्य देश भर में सभी ग्राम पंचायतों (जीपी) और ग्राम पंचायतों (जीपी) के अलावा गांवों में मांग के आधार पर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना है। भारतनेट परियोजना के तहत हरियाणा राज्य में सेवा प्रदान करने के लिए तैयार ग्राम पंचायतों (जीपी) की जिला-वार संख्या अनुबंध में दी गई है।

अनुबंध

माननीय संसद सदस्य द्वारा "हिसार में दूरसंचार सेवा और नेटवर्क कवरेज" के संबंध में दिनांक 3 दिसंबर, 2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 605 के भाग (ख) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

भारतनेट परियोजना के तहत हरियाणा राज्य में सेवा प्रदान करने के लिए तैयार ग्राम पंचायतों (जीपी) की जिला-वार संख्या:

जिला	**भारतनेट के तहत सेवा प्रदान करने के लिए तैयार जीपी**
अम्बाला	405
भिवानी	297
चरखी दादरी	163
फरीदाबाद	111
फतेहाबाद	246
गुरुग्राम	210
हिसार	305
झज्जर	250
जींद	299
कैथल	272
करनाल	372
कुरुक्षेत्र	382
महेंद्रगढ़	342
नूह	317
पलवल	236
पंचकूला	122
पानीपत	168
रेवाड़ी	350
रोहतक	139
सिरसा	334
सोनीपत	323
यमुनानगर	439
कुल	**6082**

*****